न्यायालय अनुमण्डलीय न्यायिक दण्डाधिकारी, दाउदनगर।

जी0आर0सं0-639/2020

दाउदनगर थाना कांड संख्या-218/2020

29.01.2021 आवेदक स्कार्पियो वाहन निबंधन संख्या-JH13F6147 का स्वामी योगेन्द्र कुमार की ओर से दिनांक-19.09.2020 को दाखिल आवेदन को संचालित करने हेतु एक आवेदन दाखिल किया गया । आवेदन की प्रति विद्वान अभियोजन पदाधिकारी को दी गई ।

वाद पुकार पर आवेदक के विद्वान अधिवक्ता उपरोक्त आवेदन के आलोक में निवेदन करते है कि उपरोक्त वाहन को आवेदक के पक्ष में मुक्त किया जाय ।

सुना । अभिलेख का अवलोकन किया, जिससे विदित होता है कि उक्त वाद के अनुसंधानक को इस आशय का प्रतिवेदन दिनांक-28.01.2021 तक समर्पित करने हेतु स्मारित किया गया था कि उक्त वाहन की आवश्यकता अनुसंधान के दौरान है या नही लेकिन प्रतिवेदन समर्पित नही किया गया है । अतः उक्त वाद के अनुसंधानक को निर्देश दिया जाता है कि इस आशय का कारण-पृच्छा दिनांकः-09.02.2021 तक समर्पित करें कि किन परिस्थितियों में आपके द्वारा न्यायालय का आदेश का अनुपालन नही किया गया है, जबकि न्यायालय द्वारा आपको स्मारित भी किया गया है । कार्यालय लिपिक को निर्देश दिया जाता है कि उक्त आदेश की छायाप्रति सम्बन्धित थाना प्रभारी को भेंजे ।

प्र0 अनुमण्डलीय न्यायिक दण्डाधिकारी, दाउदनगर ।